**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–14.08.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को करेंगी संबोधित, कुछ ही देर में आकाशवाणी पर होगा प्रसारण।**
- **स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड पुलिस के एक आईपीएस सहित 17 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक, राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा पदक से किया जाएगा सम्मानित।**
- **कोडरमा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी तिरंगा यात्रा में हुईं शामिल, कहा–तिरंगा यात्रा स्वतंत्रता दिवस का उत्सव होने के साथ–साथ स्वच्छता और सकारात्मक बदलाव का संदेश।**
- **झारखंड समेत देशभर में मनाया गया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, रांची, धनबाद, गिरिडीह में संगोष्ठी, प्रदर्शनी और मौन जुलूस का आयोजन, नेताओं ने विभाजन के दर्द को किया याद।**
- **और**
- **मौसम विभाग में अगले कुछ घंटों में पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा में जताई बारिश और वज्रपात की संभावना।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन अब से कुछ ही देर में आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का संबोधन सात बजे जनता के नाम प्रसारित होगा। इस वजह से कल भी सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण छह बजकर 45 मिनट पर ही होगा।

*******************

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार झारखंड पुलिस के एक आईपीएस सहित 17 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को वीरता पदक, राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे। कल स्वतंत्रता दिवस पर पांच पुलिसकर्मियों को वीरता पदक, एक को राष्ट्रपति पदक और 11 को सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में पदस्थापित पुलिस उपमहानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा को गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। और जानकरी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आज कोडरमा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बरकट्ठा, गोरहर और गुजरा मोड़ से गुजरने वाली तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित यादव और सैकड़ों स्थानीय लोग भी शामिल हुए। इस अवसर पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि तिरंगा यात्रा स्वतंत्रता दिवस का उत्सव होने के साथ–साथ स्वच्छता और सकारात्मक सामाजिक बदलाव का संदेश देती है।

*******************

पाकुड़ में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एसडीओ साइमन मरांडी ने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय शिवशंकर मुखर्जी और कृपानाथ पांडेय के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों से किसी भी समस्या में संपर्क करने की अपील की।

*******************

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस दिवस पर 1947 में भारत के विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ा और कष्टों को याद किया जाता है। रांची में भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी और मौन जुलूस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, विधायक सीपी सिंह सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, साथ ही विभाजन का दंश झेलने वाले परिवारों के सदस्य भी शामिल हुए। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने विभाजन के

गवाह रहे लोगों को सम्मानित किया और कहा कि विभाजन की विभीषिका को खुलकर सामने लाना जरूरी है, क्योंकि इसका दर्द आज भी कायम है।

*******************

गिरिडीह में विभाजन विभीषिका दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौन जुलूस निकाला। मौके पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि संकीर्ण मानसिकता के कारण देश का विभाजन हुआ और हजारों लोगों की जान गई।

*******************

धनबाद स्टेशन परिसर में विभाजन विभीषिका दिवस पर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन स्वतंत्रता सेनानी के परिजन ने किया। मौके पर डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से उस समय की स्थितियों को लोगों के सामने लाने का प्रयास किया गया है।

*******************

रांची के सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस जिला स्कूल में पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरू शिबू सोरेन की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर चयनित 30 सरकारी स्कूल की विज्ञान छात्राएं इसरो दौरे पर गईं और स्पेस एयरक्राफ्ट तथा लॉन्चिंग पैड को करीब से देखा। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका शिप्रा मिश्रा ने कहा कि यह छात्राओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसने उनकी विज्ञान के प्रति रुचि को और प्रबल किया।

*******************

गोड्डा के सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में उनके परिजनों ने रांची में मीडिया के सामने कहा कि सूर्या निहत्थे और बीमार थे। उन्होंने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

*******************

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ गर्जन और वज्रपात होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने और पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

*******समाप्त********